## सार समाचार

### छेड़छाड़, मारपीट करने के अपराधी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**विदिशा ( निप्र )।** न्यायालय मोना शुक्ला पाण्डे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिषा द्वारा छेड़छाड़ व मारपीट करने वाले आरोपी कन्हैया निवासी ग्राम गंगरवाड़ा थाना करारिया को 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन के अनुसार दिनांक 24.10.2016 को पीड़िता द्वारा थाना करारिया में इस आषय का षिकायती आवेदन दिया था कि अपराधी द्वारा दरवाजा खटखटाये जाने पर पीड़िता ने सोचा की उसका देवर आया है, परंतु दरवाजे पर आरोपी कन्हैया था। उसने दरवाजा खोलने पर दोनों हाथ बुरी नियत से पकड़ लिए। पीड़िता के चिल्लाने पर उसके पति बाहर आए तो अपराधी उनसे मारपीट करने लगा।

### समस्याओं के निदान के साथ ईव्हीएम की कार्यप्रणाली से अवगत हो रहे हैं आगंतुक

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्ट्रेट में लोग सामान्यतः अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं के निदान हेतु आते हैं। उनकी समस्याओं के निदान के साथ आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए जिले में अधिक से अधिक मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग लें, से अवगत कराने हेतु जागरूकता कार्यक्रमों से भी भलिभांति अवगत हो रह हैं। कंपाजिट भवन में आने वाले नागरिकों को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेड की कार्यप्रणाली व विश्वसनीयता से भलीभांति अवगत कराने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। नागरिकगण व्हीव्हीपेड के माध्यम से डेमो मतदान कर पूरी प्रक्रिया से अवगत हो रहे हैं।

### विदेश में रोजगार, इंटर्नशिप हेतु आवेदन आमंत्रित

**विदिशा ( निप्र )।** पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना के अंतर्गत आवेदन 25 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सहायक संचालक श्रीमती संगीता जायसवाल ने बताया कि अधिक जानकारी के इबूमसंतिम. उच. दपब. पद एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर प्राप्त सकते हैं।

### शस्त्र लायसेंस निलंबित

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी उमाशंकर भार्गव ने पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर शस्त्र लायसेंसी मोहनसिंह पिता नारायणसिंह राजपूत निवासी ग्राम जलहेरी अंतर्गत थाना सिविल लाइन के विरूद्ध थाना सिविल लाइन विदिशा में अपराध पंजीबद्ध होने के फ्लस्वरूप दो नाल 12 बोर शस्त्र क्रमांक 29948-07 को तत्काल निलंबित करते हुए संबंधित थाने में शस्त्र तत्काल जमा कराने का आदेश जारी किया है।

# मिशनरी स्कूल के खिलाफ विद्यार्थी परिषद और परिजनों ने किया हंगामा

### डीईओ बोले-जांच कराएंगे

सीहोर।

**सेंट एन्स सीनियर सेकेंडरी प्राइवेट स्कूल के प्रबंधन के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आज शुक्रवार को प्रदर्शन किया। जिसमें पालकों ने भी शामिल होकर आक्रोश का जाहिर किया।**



स्कूल प्रबंधन पर आरोप है कि उसने स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को बिना तिलक लगाए और कलाई पर बिना कलावा बांधे आने का फरमान जारी किया है। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई।स्कूल में हो रहे हंगामे को देखकर स्कूल प्रबंधन के जिम्मेदारों ने मेन गेट बंद कर दिया मामले में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है जांच कराई जाएगी।

तिलक मिटाकर, खुलाया कलावा - छात्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दिन पहले भी कई बच्चों के सिर पर लगे तिलक मिटाने के बाद ही बच्चों को क्लास में बैठने दिया गया था तो उनके हाथ के कलावे भी खुलवा दिए थे। स्कूल के ही एक दूसरे छात्र ने बताया कि वो जब तिलक लगाकर स्कूल पहुंचा तो उसे सिस्टर ने तिलक मिटाकर क्लास में जाने को कहा और ऐसा नहीं करने पर स्कूल से निकालने और लेट टीसी देने की बात कही, जिससे उसे कही दूसरे स्कूल में एडमिशन न मिले।

छात्रों का ये भी कहना है कि स्कूल की सिस्टर ने हिंदू धर्म के बारे में गलत बाती भी कही है और उन्हें जय श्री राम के नारे लगाने से भी रोका है।

एक छात्र के परिजन राहुल वर्मा ने बताया कि मेरे दो भतीजे यहां पढ़ते हैं उन्होंने मुझे बताया की स्कूल में उन्हें तिलक लगाकर आने और कलावा बांधकर आने के लिए मना किया है। इस पर मैंने विद्यार्थी परिषद को सूचना दी। इस तरह की गतिविधियां देश में असामाजिक माहौल बनाती है जो की गलत है हम इसकी निंदा करते हैं। वहीं विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक शुभम व्यास का कहना है कि यहां पर ईसाइवाद चलाया जा रहा है। वो बच्चों के धर्म के खिलाफ करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे संस्थान को सीहोर शहर में नहीं चलने दिया जाएगा।

**प्रोपर यूनिफॉर्म में आने को कहा:** इस स्कूल की सिस्टर अलका का कहना है कि हमने बच्चों के नारे लगाने से इसलिए मना किया क्यों की एग्जाम का टाइम चल रहा है इसलिए वो ऐसा न करें और जहां तक तिलक न लगाकर आने की बात है। ये बहुत पुराना स्कूल है और हमेशा से बच्चे यहां आ रहे हैं। हमने बस उन्हें प्रोपर यूनिफॉर्म में आने को कहा है। वहीं स्कूल स्टाफ कॉर्डिनेटर पावन डिसोरिया का कहना है कि बच्चों ने एग्जाम का दौरान क्लास में जय श्री राम के नारे लगाए थे। ऐसे बस उन्हें डिसिप्लिन में रहने को कहा था। और तिलक हटाकर आने और कलावा नहीं पहनने जैसी कोई बात प्रबंधन द्वारा नहीं कही गई है।

## भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सीहोर एक दिवसीय कब बुलबुल उत्सव का आयोजन



**सीहोर।** आयोजन का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर में शिविर संचालक सुधीर विश्वकर्मा के द्वारा ध्वजारोहण साथ हुआ शिविर संचालक ने स्काउट द्वारा बच्चों को कब प्रतिज्ञा एवं नियम सिखाए साथ ही विभिन्न प्रकार के करतल ध्वनियों का अभ्यास भी बच्चों को कराया गया।

राजमुख्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिविर का संचालन किया गया। समापन के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर का स्कॉर्प जिला सचिव रमेश चंद्र मेवाड़ा द्वारा पहना कर किया गए, पदेन जिला कमिश्नर सीहोर के मुख्य आतिथ्य में शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बालक बालिकाओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरण किए गए जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को स्काउट गाइड में अनुशासन और अच्छी बातों को सीखने का आह्वान किया उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की। शिविर की पूरी रूपरेखा के बारे में राजेश मेवाडे ने सभी को अवगत कराया शिविर में मुख्य रूप से शिविर संचालक सुधीर विश्वकर्मा,जिला सचिव रमेश चंद्र मेवाड़ा,जिला संघटक आयुक्त राजेश मेवाड़े,शाला की प्राचार्य वारह मेम कब मास्टर ओमप्रकाश चौधरी,राजमल वर्मा कब बुलबुल शिक्षक और शाला का समस्त स्ताफ उपस्थित थे।

## लायन्स एवं लियो क्लब नागदा ग्रेटर की नवीन कार्यकारिणी आज करेगी दायित्व ग्रहण

नागदा जं.।

**लायन्स एवं लियो क्लब नागदा ग्रेटर की वर्ष 2023-24 की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह आज शनिवार को स्थानिय स्नेह कुंज गार्डन इंगोरिया रोड पर सायं 7 बजे संपन्न होगा। नवीन अध्यक्ष के रूप में लायन अजय पोरवाल एवं लियो वरूण भाटीया अपनी पुरी टीम के साथ शपथ लेंगे।**

आसन्नपूर्व अध्यक्ष लायन झमक राठी एवं लियो शुभम सकलेचा ने संयुक्त रूप से बताया कि लायन्स एवं लियो क्लब नागदा ग्रेटर की वर्ष 2023-24 की नवीन कार्यकारिणी को दायित्व ग्रहण करवाने हेतु एमजेएफ लायन मनिन्दरसिंह चंडौक इंदौर से पधार रहे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमआईटी कॉलेज उज्जैन के संस्थापक एवं डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के उपप्रांतपाल-2 एमजेएफ लायन प्रविण वशिष्ठ शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लायन महेश मालवीय भोपाल, रीजन ब्लू के चेयरपर्सन लायन अजय गरवाल, झोन चेयरमेन लायन कमलेश जायसवाल, लायन्स क्लब नागदा, लायन्स क्लब खाचरौद के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण भी शिरकत करेंगे।

लायन्स की टीम लेगी शपथ- लायन अजय पोरवाल के नेतृत्व में लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर की नवीन टीम जिसमें सचिव लायन आशा जवेरिया, कोषाध्यक्ष लायन राकेश डाबी, प्रथम उपाध्यक्ष लायन कमलेश नागदा, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन सलीम खान, तृतीय उपाध्यक्ष लायन सौरभ मोहता, सहसचिव लायन जयमाला राठी, सहकोषाध्यक्ष लायन विजय जायसवाल, पीआरओ लायन मनोहरलाल शर्मा, मेम्बरशीप कमेटी चेयरमेन लायन सतीश बजाज, लायन अशोक बिसानी, लायन डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डे, एलसीआईएफ कॉ-आर्डीनेटर लायन पंकज मारू, क्लब सर्विस चेयरपर्सन लायन डॉ. ओम बैरागी, मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन विनयराज शर्मा, संचालक मण्डल लायन राजेश मोहता, लायन विजय पोरवाल, लायन पंकज पावेचा, लायन अशोक पोरवाल, लायन अजय गरवाल, लायन निर्मल जैन, लायन सुशील मोदी, लायन घनश्याम राठी, लायन डॉ. विपिन पोरवाल, लायन कृष्णकांत गुप्ता, लायन रवि कांठेड, लायन महेश पंजाबी, लायन श्याम पोरवाल, लायन तेजपाल जवेरिया, लायन अशोक सकलेचा दायित्व ग्रहण करेंगे। इसी प्रकार नवीन सदस्य कमल पोरवाल सहारा, राकेश पोरवाल फर्नाखेडी, मुकेश जैन, अवनिश गनेरीवाल, रविन्द्र कुमार चौहान, अरूण जायसवाल, अशोक शर्मा, डॉ. धिरेन्द्रसिंह पंवार को नवीन सदस्य की शपथ दिलवाई जाऐगी।

## गंजबासोदा शहर में बंद रहेगी दो दिन वाटर सप्लाई

गंजबासोदा।

**नदी पाराशरी का पुल सेतु निगम ने बनाकर कंप्लीट कर दिया है अव उसके ऊपर से डाली गई पाइप लाइन जो स्टेशन क्षेत्र को वाटर सप्लाई करती है को सिस्टमैटिक तरीके से स्विफ्ट किया जाना है।**



इस कार्य में नगर पालिका को 2 दिन लग सकते हैं इन 2 दिनों में नगर के कुछ भागों में जल प्रदाय नहीं हो सकेगा जिसकी मुनादी नगर पालिका ने 14 तारीख को कर दी है समझा जाता है कि पुल के ऊपर से डाली गई पाइप लाइन को किनारे से लगा देने में कुछ अवरोध भी आते रहे हैं ।

लेकिन नगरपालिका ने कार्य को प्राथमिकता के तौर पर करने की तमाम तैयारियां कर दी है और 14 तारीख को शाम के वक्त से ही कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। न्यायालय ने भी नगर पालिका को हरी झंडी दे दी है वार्ड नंबर 8 नदी पाराशरी के पास के बिल्डिंग स्वामी ने अदालत में इस बात की याचिका लगाई थी कि यदि पाइपलाइन ऊपर से डलती है तो हमारे भवन तक आने-जाने में असुविधा होगी।

माननीय न्यायालय के समक्ष नगर पालिका की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट सुरेंद्र भारद्वाज एवं अरुण व्यास ने नगरपालिका का पक्ष रखते हुए कहा कि नगर पालिका अपनी भूमि में पाइपलाइन को व्यवस्थित कर रही है पूर्व में भी यह पाइपलाइन इसी हिस्से से डली हुई थी और इस पाइप लाइन से शहर की आधी से अधिक आबादी को पेयजल उपलब्ध कराया जाता है, अंततोगत्वा न्यायालय ने नगर पालिका के कार्य को उचित ठहराते हुए अनावेदक की याचिका निरस्त कर दी है।

## जैन मुनि की हत्या के विरोध में ज्ञापन सौंपा

आष्टा।

**कर्नाटक के बेलगाँव जिला के चिककोडी ग्राम के जैन तीर्थ पर विराजमान पूज्य मुनि श्री कामकुमार नंदी महाराज की विगत दिवस दो लोगो द्वारा अपहरण कर नृशंह हत्या कर दी गई थी।**



जिसके विरोध में आज सकल हिंदू समाज संगठन एवं सकल जैन समाज व व्यापार महासंघ के सम्मिलित आव्हान पर सकल समाज जनों ने तहसील कार्यालय पहुच कर देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ,गृहमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायाब तहसीलदार श्रीमती सुनीता कुमारी को सौपा गया जिसमे मांग को गई कि मुनि श्री कि जिस तरह से करंट लगा कर अपराधियो द्वारा हत्या की गई है उनके शरीर के टुकड़े टुकड़े कर देना वह घोर निंदनीय है,पूरे विश्व ही नही सम्पूर्ण भारत वर्ष की सनातन समाज मे भारी आक्रोश है ,इस तरह की घटना की पुनरावर्ती न हो एवं भारत देश मे जैन साधुओं को विशेष सुरक्षा प्रदान की जाए।

ज्ञापन देने वालो में श्री सकल हिन्दू समाज संगठन से मुकेश नामदेव,व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट, दिगम्बर जैन समाज के संरक्षक दिलीप सेठी ,धनरुपमल जैन ,मनोज जैन सुपर,समाज अध्यक्ष आनन्द जैन पोरवाल,महामंत्री कैलाश जैन चित्रलोक, जैन श्रीमोड पूर्व अध्यक्ष ,संतोष जैन,शरद जैन,विनोद जैन डाबरी,रमेश चंद जैन,इंजीनियर राका,अनुराग नारे,ललित जैन,धर्मेंद्र जैन अमलाहा ,अनिल जैन अलीपुर,राजेन्द्र जैन,,सहित सकल समाज प्रतिनधिगण समाज जन उपस्थित थे।

### नगर राष्ट्र सेविका समिति का तीन दिवसीय वर्ग प्रारंभ

**गंजबासौदा।** 16 जुलाई तक नगर राष्ट्र सेविका समिति का तीन दिवसीय वर्ग कार्यक्रम स्थानीय मानस भवन में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विदिशा विभाग संघचालक सुरेश देव एवं नगर कार्यवाहक श्रीमती अवंतिका बघेल ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत प्रारंभ किया। और समिति की बहनों को दायित्व बोध के बारे में संवाद किया। बौद्धिक सत्र में नगर कार्यवाहिका का अवंतिका जी ने बौद्धिक सत्र लिया। इस वर्ग में सभी मातृशक्ति एवं समिति की बहनें में शामिल हुई। हमारी शाखा की बहनों द्वारा संगठन मंत्र, गीत, श्लोक, अमृत वचन एवं शिक्षकों द्वारा बहनों को शारीरिक अभ्यास, व्यायाम योग, योग जाप, न्यूधसिध का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि समिति के कार्य, आचार पद्धति एवं उद्देश्यों से परिचित कराने हेतु यह तीन दिवसीय वर्ग आयोजित किया गया है। श्री देव ने कहा कि हमें जीवन में कभी समझौता नहीं करना चाहिए, अगर आप जीवन में समझौता करेंगे तो वह काम उच्च गुणवत्ता का कभी नहीं हो पाएगा। वर्ग में विधायक श्रीमती लीना जैन, पूर्व महिला आयोग सदस्य श्रीमती रीता भावसार, सरिता रघुवंशी, नगर कार्यवाहिका श्रीमती अवंतिका बघेल, नगर संपर्क प्रमुख श्रीमती जयश्री रघुवंशी, शिक्षिका प्रियंका माथुर, कविता रघुवंशी, विनीता रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रहीं। उक्त जानकारी नगर संपर्क प्रमुख श्रीमती जयश्री रघुवंशी ने दी।

## पशुपति नाथ मंदिर में 21 जुलाई को किया जाएगा अखंड सुंदरकाड का पाठ

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर के अवधपुरी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में इन दिनों सावन मास के साथ अधिक मास महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर नियमित रूप से महामृत्युंजय मंत्र का जप के अलावा भगवान शिव का अभिषेक किया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह मंदिर परिसर में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना के साथ ही श्रद्धालुओं के द्वारा 1008 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया और उसके पश्चात दूध और दही से अभिषेक किया गया। आगामी 21 जुलाई को दो दिवसीय अखंड सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर पंडित अखिलेश रजोरिया ने कहा कि सावन मास को शिवजी का माह माना जाता है, इसलिए इन दिनों में पार्थिव लिंग बनाकर शिव पूजन का विशेष पुण्य मिलता है। शिवपुराण में पार्थिव शिवलिंग पूजा का महत्व बताया गया है। कलयुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने पार्थिव पूजन प्रारम्भ किया था। शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव पूजन से धन, धान्य, आरोग्य और पुत्र प्राप्ति होती है। वहीं मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है। पार्थिव पूजन से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। शिवजी की अराधना के लिए पार्थिव पूजन सभी लोग कर सकते हैं, फिर चाहे वह पुरुष हो या फिर महिला। यह सभी जानते हैं कि शिव कल्याणकारी हैं। जो पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजन अर्चना करता है, वह दस हजार कल्प तक स्वर्ग में निवास करता है। शिवपुराण में लिखा है कि पार्थिव पूजन सभी दुःखों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है।

## जान जोखिम में डालकर पुलिया पार कर रहे वाहन चालक



**शाजापुर।** आसमान से रुक-रुककर बादलों के बरसने का सिलसिला जारी है। ऐसे में ग्रामीण अंचलों के कई नदी नाले उफान पर हैं और पुलिया पर तेज बहाव के साथ पानी बह रहा है। बावजूद इसके लोग अपनी जान जोखिम में डालकर पुलिया को पार कर रहे हैं जिन्हें रोकने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। गौरतलब है कि बीते दिनों कलेक्टर किशोरकुमार कन्याल ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया था कि नदी-नालों का पानी पुलिया पर होने की स्थिति में किसी भी तरह का आवागमन नहीं होने दिया जाए, लेकिन इस आदेश का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। यही कारण है कि ग्राम भदोनी पुलिया पर लखुंदर नदी का तेज बहाव से पानी बहने के बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर निकल रहे हैं जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं है जिसकी वजह से बड़े हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

# नपाध्यक्ष की मनमानी के कारण पार्षदों की भी नहीं हो रही सुनवाई

शाजापुर।

**शहर के विकास का सपना देखना जनता के लिए अब सपना ही साबित होकर रह गया है, क्योंकि नगरपालिका में छोटे-बड़े कामों को लेकर आमजन को तो चक्कर लगाने पड़ते ही हैं और अब नपाध्यक्ष की मनमानी के कारण पार्षदों की भी सुनवाई नही हो रही है। ऐसे में विकास तो दूर की बात वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाईटें और गंदगी से जाम हो रही नालियों की सफाई कराना भी मुश्किल हो रहा है।**



नपाध्यक्ष के तुगलकी फरमान के कारण नपा में बैठे कर्मचारी न तो आमजन की शिकायतों का निराकरण कर रहे हैं और न ही पार्षदों के कहने पर उनके वार्डों में व्याप्त समस्या को हल कर रहे हैं। नगरपालिका अध्यक्ष की इस तानाशाहपूर्ण कार्यशैली को लेकर नपा उपाध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर एक ऑडियो भी वायरल किया है, जिसमें पार्ऱ्षद प्रतिनिधि को अपने वार्ड में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट सही कराने के लिए नपाकर्मी की जी हुजुरी करनी पड़ रही है, लेकिन इस मानमनुहार के बाद भी कर्मचारी ने कार्य करने से इनकार कर दिया।

गौरतलब है कि जब से नगरपालिका के अध्यक्ष पद पर प्रेम जैन की ताजपोशी हुई है, तब से लेकर अब तक शहर के समस्त वार्डों में नलों से गंदा पानी आना, सडक़ों की बदहाली, स्ट्रीट लाईट बंद होना और नालियों की सफाई नही होने सबंधित समस्या बनी हुई हैं। इन समस्याओं को लेकर रहवासी कई बार नगरपालिका पहुंचकर शिकायत कर चुके हैं, किंतु उनकी समस्या को हल नही किया गया।

इस पर वार्ड क्रमांक 02 के पार्ऱ्षद प्रतिनिधि सतीश राठौर ने अपने वार्ड में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को चालू कराने के लिए नपाकर्मी को फोन किया, परंतु नपाकर्मी ने यह कहकर लाइट सुधारने से इनकार कर दिया कि नपाध्यक्ष प्रेम जैन ने वार्डों में बिना उनकी अनुमति कोई भी कार्य करने से मना किया है। यदि वार्ड में बंद पड़ी लाइट को सही करवाना है तो नपाध्यक्ष से बात करो। नपाध्यक्ष के इस तुगलकी फरमान से पार्षदों को स्ट्रीट लाइट चालू कराने में भी पसीने आ रहे हैं। इस पर नपा उपाध्यक्ष संतोष जोशी ने नाराजगी जाहीर करते हुए वाट्सअप ग्रुपों पर नपाकर्मी और पार्षद प्रतिनिधि की ऑडियो वायरल की है। उक्त ऑडियो में स्ट्रीट लाइट सही कराने हेतु पार्षद प्रतिनिधि सतीश राठौर मान मनुहार कर रहे हैं और कर्मचारी कार्य करने से इनकार कर रहा है।

हादसों का सबब बन रहे चैंबर

तीन सालों से अधिक समय से शहर में सीवरेज लाइन का काम चल रहा है, लेकिन एक ही सडक़ को दर्जनों बार खुदाई करने के बाद भी कार्य अब तक पूरा नही हो सका है। ऐसे में जगह-जगह खोदी गई सडक़ें बारिश के चलते भारी मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। वहीं नपा के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण शहर में जगह-जगह खुले पड़े चैंबर भी हादसे का सबब बने हुए हैं, जिसको लेकर रहवासी कई बार नपा में शिकायत कर चुके हैं किंतु उनकी समस्या हल नही की जा रही है। महूपुरा स्थित रणजीत हनुमान मंदिर के समीप, नीमवाड़ी क्षेत्र, सोमवारिया बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में बीच मार्ग पर लगे चैंबरों के ढक्कन धंस गए हैं जिसकी वजह से वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि उन्होने नपाध्यक्ष प्रेम जैन को भी शिकायत की है लेकिन वे समस्या हल नही कर रहे हैं।

शहर में लंबे समय से आवारा मवेशियों और श्वानों ने आतंक मचा रखा है, लेकिन इसको लेकर भी नगरपालिका गंभीरता नही दिखा रही है। बीते दिनों भी शहर के लोगों ने नपाध्यक्ष को आवारा मवेशियों से निजात दिलाने के लिए फोन किया, लेकिन अध्यक्ष समस्या सुनते ही आग बबूला हो गए और उन्होने फोन करने वाले को ही खरीखौटी सुनाना शुरू कर दिया। नगर के प्रथम नागरिक का आमजन के साथ इस तरह का व्यवहार भी चर्चा का विषय बना हुआ है।